# सात दिवसीय एन.एस.एस. विशेष शिविर का शुभारंभ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की एन.एस.एस. की तीनों इकाइयों द्वारा दिनांक 21–03–2021 से 27–03–2021 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। इस शिविर के मूल विषय जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत, सड़क सुरक्षा, डिजीटलीकरण एवं प्राथमिक चिकित्सा आदि रहेंगे । सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एन.एस.एस. ज़िला संयोजक डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता, आदरणीय श्री जगराम जी, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (उत्तर भारत के संयोजक), आर.एस.एस. के अखिल भारतीय अधिकारी, वरिष्ठ प्रचारक एवं आध्यात्मिक चिंतक), स्वदेशी जागरण मंच से श्री सतेन्द्र सौरोत जी, (उत्तर क्षेत्र संपर्क प्रमुख), श्री कृष्णकान्त उपाध्याय जी एवं श्री अमरदीप सिंह जी के द्वारा दीपशिखा प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात एन.एस.एस. कार्यक्रमाधिकारियों ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। एन.एस.एस. स्वयंसेविका प्रिया ने एन.एस.एस. के उद्देश्य व महत्व के बारे में जानकारी दी। एन.एस.एस. की "बाती" ने नशे से दूर रहने व "स्वच्छ भारत" अभियान के विषय पर **नुक्कड़ नाटक** के माध्यम से प्रकाश डाला। तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने स्वयंसेवकों को बताया कि सार्थक सोच से ही सार्थक कार्य सम्भव है। एन.एस.एस. के माध्यम से आप तालमेल व टींम की भावना से कार्य करते हुए दूसरों के साथ सामंजस्य बिठाना सीख सकते हो । आप जो भी कार्य करो उत्तम श्रेष्ठ करो। उन्होंने एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को धैर्य न खोते हुए हर परिस्थिति का सामना संवाद से करने के लिए कहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की तीनों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. रितु एवं डॉ. सीमा मलिक मौजूद रहे ।

अंत में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितु ने सबका धन्यवाद करते हुए महाविद्यालय प्रांगण की साफ–सफाई की व सात दिवसीय शिविर में चलने वाली गतिविधियों पर चर्चा की ।